### केंद्रीय चिकित्सालय बड़कुही में बड़ा हादसा टला, निर्माण गुणवत्ता पर उठे सवाल

# डेंटिस्ट का रूम खुलते ही गिरी छत, बाल-बाल बचे डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

**शनिवार सुबह केंद्रीय चिकित्सालय बड़कुही में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अस्पताल के ओपीडी परिसर में स्थित डेंटिस्ट रूम की छत अचानक भरभराकर नीचे गिर गई। गनीमत रही कि उस समय कमरे के भीतर न तो डॉक्टर मौजूद थे और न ही कोई मरीज, अन्यथा गंभीर जनहानि हो सकती थी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया** और कर्मचारियों में दहशत फैल गई।

जानकारी के अनुसार रोज की तरह शनिवार सुबह अस्पताल खुलने के बाद डेंटिस्ट कक्ष का दरवाजा खोला गया। जैसे ही कमरे का दरवाजा खुला, उसी दौरान ऊपर लगी स्लैब अचानक टूटकर नीचे आ गिरी। स्लैब के साथ छत पर लगी पीवीसी शीट भी टूट गई और मलबा पूरे कमरे में फैल गया। घटना इतनी अचानक हुई कि वहां मौजूद कर्मचारी कुछ देर के लिए सहम गए। सौभाग्य से हादसा डॉक्टर और मरीजों के कमरे में प्रवेश करने से पहले हो गया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।

घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची।





पुलिस ने कमरे का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं अस्पताल कर्मचारियों ने भी घटना को लेकर चिंता जताई। कर्मचारियों का कहना है कि अगर यह हादसा ओपीडी शुरू होने के बाद होता, तो कई लोग इसकी चपेट में आ सकते थे।इस घटना के बाद वेकोलि के सिविल विभाग की कार्यप्रणाली और निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि कुछ महीने पहले ही अस्पताल में मरम्मत कार्य कराया गया था। बावजूद इसके छत का इस तरह गिर जाना निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े करता है। कमरे की स्थिति देखकर यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि स्लैब लंबे समय से जर्जर थी, लेकिन उसकी सही मरम्मत करने के बजाय केवल पीवीसी शीट लगाकर उसे ढंक दिया गया था। यही लापरवाही अब सामने आ गई।अस्पताल कर्मचारियों का कहना है कि भवन की हालत पहले से ही खराब थी, लेकिन जिम्मेदार विभाग ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। अब इस हादसे के बाद कर्मचारियों और मरीजों में डर का माहौल है। कई लोगों ने अस्पताल भवन की सुरक्षा जांच कराने की मांग उठाई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।इधर श्रमिक संगठन एचएमएस के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने घटना को बेहद गंभीर बताते हुए वेकोलि के सिविल विभाग पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि वेकोलि पेंच क्षेत्र में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं, लेकिन अधिकारियों ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। जहां भी निर्माण या मरम्मत कार्य किए जाते हैं, कुछ ही महीनों में उनकी गुणवत्ता की पोल खुल जाती है। राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर इस प्रकार की घटना बेहद चिंताजनक है। यह सीधे तौर पर घटिया निर्माण और लापरवाही का प्रमाण है। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और जो भी अधिकारी या ठेकेदार दोषी पाए जाएं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों ने भी इस घटना पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि सरकारी संस्थानों में निर्माण कार्यों में अक्सर गुणवत्ता से समझौता किया जाता है, जिसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। फिलहाल अस्पताल प्रशासन ने प्रभावित कमरे को बंद कर दिया है और अन्य कमरों की भी जांच शुरू कर दी गई है। यह हादसा भले ही बिना किसी जनहानि के टल गया हो, लेकिन इसने अस्पताल भवनों की सुरक्षा और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर कई बड़े सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं।

#### जांच हो और कार्रवाई भी

श्रमिक संगठन एच एम एस के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने इस घटना को लेकर वेकोलि के सिविल डिपार्टमेंट पर निशाना साधा है। उनका कहना है, कि वेकोलि पेंच क्षेत्र में हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। डिपार्टमेंट के अधिकारी गुणवत्ता पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। जहां जो भी निर्माण होता है, कुछ माह बाद ही उसकी कलई खुल जाती है। अस्पताल में डेंटिस्ट के रूम में हुई घटना गुणवत्ताहीन कार्य का प्रमाण है। इस मामले में गंभीरता से जांच होनी चाहिए और जो भी जवाबदार हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## पूज्यनीय ओलिया अवदूत माता अनुसुया प्रजापति का मनाया जन्मोत्सव



**छिंदवाड़ा।** वार्ड क्र. 29 मदन मोहन मालवीय वार्ड के युवा नेता एवं छिंदवाड़ा विधानसभा प्रभारी रोशन इंगले के निवास स्थान में पूज्यनीय माता अनसुया प्रजापति का जन्मोत्सव कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रीमती गजभिये ने बताया कि अनुसुया प्रजापति कर्दम और देवहूति की 9 कन्याओं में से एक तथा अत्रि मुनि की पत्नी थीं। उनकी पति-भक्ति अर्थात सतीत्व का तेज इतना अधिक था के उसके कारण आकाशमार्ग से जाते देवों को उसके प्रताप का अनुभव होता था। इसी कारण उन्हें सती अनसुया भी कहा जाता है। अनसुया ने श्रीराम, सीता और लक्ष्मण का अपने आश्रम में स्वागत किया था। वार्ड अध्यक्ष रोशन इंगले ने बताया कि उनके विगत 17 वर्षो से निरंतर अनुसुया जी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से वार्ड पार्षद राहुल मालवी, साक्षी चैबे, पवन चैबे, अरूण डोंगरे, किरण वानखेड़े, विनोद काम्बले, विनायक राव, चन्ने भानूदास वानखेड़े, भारत डोले, राजू इंगले, प्रदीप अतुलकर, दीपक इंगले, नीतू इंगले, ज्योति गोरले, रमेश गोरले सहित सैंकड़ों वार्डवासी उपस्थित रहे।

## कन्हरगांव डैम के घटते जलस्तर को लेकर अवैध सिंचाई पर नगर निगम सख्त

**छिंदवाड़ा।** कन्हरगांव डैम से अनधिकृत रूप से आसपास के ग्रामीण कृषकों द्वारा मोटर पंप लगाकर सिंचाई के लिए पानी का उपयोग किए जाने से डैम के कैचमेंट क्षेत्र का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। यह डैम नगर निगम द्वारा शहर की पेयजल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है। डैम से पानी छिंदवाड़ा के वाटर फिल्टर प्लांट तक पहुंचाया जाता है, जहां फिल्टरिंग प्रक्रिया के बाद शहरभर में पेयजल सप्लाई की जाती है। जलस्तर में लगातार हो रही कमी से प्रशासन की चिंता बढ़ गई है। नगर निगम एवं प्रशासन द्वारा की गई जांच में पता चला है कि 500 से अधिक कृषक अवैध रूप से मोटर पंप के माध्यम से पानी निकाल रहे हैं। अधिकारियों ने इसे जल संसाधनों का दुरुपयोग बताते हुए तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम प्रशासन ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि सभी संबंधित व्यक्ति अनधिकृत जल उपयोग तत्काल बंद करें। आदेश का पालन नहीं करने पर जिला प्रशासन के सहयोग से मोटर पंप जब्त किए जाएंगे तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

## सांसद के प्रयासों से 9 मरीजों को इलाज के लिए मिली 5 लाख 60 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू लगातार दीनःदुखियों, गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लगातार आर्थिक सहायता कर रहे है। हर माह गंभीर रूप बीमार मरीजों को लाखों रूपये की सहायता ईलाज के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। सहायता राशि मिलने पर मरीजों का महानगरों और छिंदवाड़ा में बेहतर ईलाज हो रहा है। आमजन भी लगातार सांसद श्री साहू से बीमारी के लिए आर्थिक सहायता राशि दिलाने हेतु गुहार लगा रहे है। जिस पर वे गंभीरता से विचार कर लोगों को सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने 9 मरीजों को इलाज के लिए 5 लाख 60 हजार की आर्थिक सहायता राशि दी है। यह आर्थिक सहायता राशि मिलने से नागपुर और छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के गंभीर मरीजों का बेहतर इलाज हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अमरवाड़ा के ग्राम कुदवारी निवासी रत्नेश पिता जगदीश डेहरिया को 65 हजार, बिछुआ के ग्राम पुलपुलडोह निवासी रामचंद्र पिता बड़ीराम पहाड़े को 50 हजार, छिन्दवाड़ा निवासी हेमलता पति अनिल सोनी को 75 हजार, परासिया के ग्राम हरनाखेड़ी निवासी सोनू पिता सुखदेव भावरकर को 65 हजार की राशि स्वीकृत की है, इन चारों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम मूंगा निवासी श्रीमती कमला रंगारे को 75 हजार, बिछुआ के ग्राम पुलपुलडोह निवासी केतु पिता बैसाखु सरेयाम को 65 हजार, उमरेठ निवासी संदीप पिता सिकलचंद सीलू को 65 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम छिन्दी निवासी कुमारी रोशनी पिता शिवम बंदेवार को 65 हजार एवं कुबेर पिता मोहन मेसराम को 35 हजार की राशि स्वीकृत की है। इन पांचों मरीजों का इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पतालों में होगा। उक्त सहायता राशि मिलने पर मरीजों एवं उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## जनगणना कार्य में तेजी लाने जिला जनगणना प्रभारी और चार्ज अधिकारी ने किया फील्ड निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** "हर घर की गिनती जरूरी है, तभी विकास की तस्वीर पूरी है।" इसी ध्येय वाक्य के साथ जिले में जनगणना कार्य को गति दी जा रही है। प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन के मार्गदर्शन में जनगणना कार्य की समीक्षा और प्रगति हेतु प्रशासनिक अधिकारियों की टीम लगातार फील्ड का दौरा कर रही है। इसी क्रम में जिला प्रभारी श्री अनुज सोलंकी, छिंदवाड़ा ग्रामीण चार्ज अधिकारी श्री आकाश दाहारे एवं फील्ड ट्रेनर श्री राकेश डेहरिया द्वारा आज ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गणना ब्लॉकों (एचएलबी) का सघन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण दल ने ग्राम गुरैया (एचएलबी नंबर 18) में पर्यवेक्षक श्री पदम सिंह डेहरिया, ग्राम चारगांव भाट में पर्यवेक्षक सुश्री शिल्पी शर्मा तथा ग्राम रोहनाकला में पर्यवेक्षक श्री कृष्ण चंद्र जावलकर के कार्यों की समीक्षा की।

# तेज आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, दुकान पर गिरा पेड़

### बेरडी मार्ग अवरुद्ध हुआ, शहर में हुई बारिश, आधा घंटा गुल रही बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

क्षेत्र में शनिवार को मौसम ने अचानक करवट बदली। सुबह से पड़ रही गर्मी और उमस के बाद दोपहर 3 बजे के बाद अचानक आए तेज आंधी-तूफान और गरज-चमक ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। जहां इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक घुली, वहीं तेज हवाओं के कारण क्षेत्र में भारी नुकसान की खबरें भी सामने आई हैं।

आंधी का सबसे ज्यादा असर सौंसर नगर के भीतर देखने को मिला। जनपद पंचायत सौंसर के परिसर में लगा एक विशालकाय वृक्ष तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल सका और वहीं संचालित एक जेरॉक्स (फोटोकॉपी) की दुकान पर



जा गिरा। पेड़ गिरने से दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानदार को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा है। वही जनपद पंचायत परिसर में लगे हुए बिजली के तारों को भी नुकसान हुआ है जिसके ताल के बिजली आपूर्ति बाधित रही है।

तेज आंधी तूफान के कारण बेरडी-सौंसर मार्ग पर कई पुराने पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए। हाईवे और संपर्क मार्गों पर पेड़ गिरने की वजह से घंटों आवागमन बाधित रहा। दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों को रास्ता पार करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। इसी तरह बोरगांव और रामाकोना क्षेत्र से भी तेज आंधी के कारण घरों के छप्पर उड़ने और बिजली के खंभों को नुकसान पहुँचने की प्रारंभिक जानकारी मिली है।शनिवार सुबह से ही सूरज के तेवर तल्ख थे, लेकिन शाम को आसमान में छाए काले बादलों और धूल भरी आंधी ने माहौल बदल दिया। आंधी के बाद हुई बूंदाबांदी से लोगों को

## छिंदेवानी में नारी पैड बैंक' का हुआ शुभारंभ

**सौंसर।** ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से ग्राम छिंदवानी (पिपला) में नारी पैड बैंक' की एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस केंद्र के माध्यम से अब गांव की महिलाओं और युवतियों को आसानी से सेनेटरी पैड उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे वे मासिक धर्म के दौरान होने वाली समस्याओं और बीमारियों से सुरक्षित रह सकेंगी।नारी पैड बैंक का उद्घाटन शिक्षा की देवी क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले और संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण अभिवादन के साथ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि नारी का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज की उन्नति का आधार है।कार्यक्रम के दौरान सेंटर इंचार्ज संघमित्रा गजभिये ने बताया कि अब आसानी से ग्राम छिदेवानी की महिलाओं सेनेटेरी पेड़ उपलध हो पाएगा।

# ना तुम जीते, ना हम हारे : नेशनल लोक अदालत में 902 प्रकरणों का निराकरण

### 6 करोड़ 27 लाख 54 हजार 325 रुपये से अधिक के अवॉर्ड पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आमजन को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से आज 09 मई 2026 को वर्ष की दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय छिंदवाड़ा सहित तहसील न्यायालय परासिया, चौरई, पांढुर्णा, सौंसर, जुन्नारदेव, अमरवाड़ा, हर्रई एवं तामिया में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा श्री सुशांत हुद्दार के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री हुद्दार द्वारा अन्य न्यायाधीशगण, अधिवक्ता संघ के



पदाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

नेशनल लोक अदालत में गठित 35 खंडपीठों द्वारा विभिन्न प्रकार के लंबित प्रकरणों का आपसी सुलह एवं सहमति के आधार पर निराकरण किया गया। मोटर दुर्घटना के 28 प्रकरणों में 1 करोड़ 86 लाख 16 हजार 006 रुपये, चेक बाउंस के 172 प्रकरणों में 2 करोड़ 99 लाख 08 हजार 308 रुपये, विद्युत अधिनियम के 20 प्रकरणों में 2 लाख 98 हजार 992 रुपये तथा अन्य सिविल प्रकृति के 36 प्रकरणों में 10 लाख 08 हजार 500 रुपये के अवॉर्ड पारित किए गए।

इसके अतिरिक्त अन्य प्रकृति के 46 प्रकरणों में 43 लाख 27 हजार 009 रुपये, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण 101, पारिवारिक विवाद के 73 प्रकरण, यातायात चालान के 69 प्रकरण एवं उपभोक्ता विवाद के 4 प्रकरणों सहित कुल 555 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इन सभी प्रकरणों में 5 करोड़ 59 लाख 13 हजार 406 रुपये से अधिक के अवॉर्ड पारित किए गए।

# भाजपा के राज में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई जल जीवन मिशन योजनाः नकुलनाथ

### छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल के लिए मची हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले में निर्मित हुए शुद्ध पेयजल संकट को लेकर केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा जनहितैषी योजनाएं पूरी तरह से प्रचार का माध्यम बनकर रह गई हैं। विज्ञापनों तक सीमित और धरातल पर पूरी तरह शून्य व आम आदमी की पहुंच से बाहर है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण "जल जीवन मिशन" योजना है जो भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी।



आज हालात यह है कि शहर से लेकर गांव तक और गांव से लेकर कस्बों व मंजरे टोलों तक पेयजल आपूर्ति पूरी तरह ठप हो चुकी है। इस सरकार ने तालियां पीट पीटकर हर घर नल, हर घर जल का झूठा नारा दिया। जबकि सच्चाई यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में नल तो हैं, लेकिन उससे जल आज तक नहीं मिला। नल शोभा की सुपारी बनकर हवा फेंक रहे। ग्रामीणजन आज भी कुएं और ट्यूबवेल के पानी पर निर्भर है और सरकार दावे बड़े-बड़े कर रही।

छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत नल लगाए जाने का बिल भी आम जनता से लिया जा चुका है, लेकिन उन्हें इसका जरा भी फायदा नहीं मिला। अनेक इलाके ऐसे हैं, जहां नल लगे लम्बा समय बीत चुका, किन्तु आज तक पानी नहीं पहुंचा।

कुछ क्षेत्रों में आज भी पाइप लाइन मुख्य सड़क को गोदकर बिछाई जा रही और सड़क को उसी हाल पर छोड़ दिया जा रहा, जो हादसों का कारण बन रही। यह आम जनता के दिए हुए टैक्स की राशि का दुरुपयोग है।

कमलनाथ ने भविष्य में जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए सिंचाई कॉम्प्लेक्स जैसी बहूउद्देशीय परियोजना की आधारशिला रखी जो शहर के साथ ही छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को भी पानी के संकट से मुक्त करती, किन्तु भाजपा ने षड्यंत्र कर कांग्रेस की सरकार लूटी और फिर इस परियोजना का काम रोकने के लिए लगातार झूठी शिकायतें की, परिणामस्वरूप सिंचाई कॉम्प्लेक्स समय पर बनकर तैयार नहीं हुआ।

आज भी ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस सरकार के समय में लगे हैंडपम्प और पानी की टंकियां ही पेयजल आपूर्ति का मुख्य साधन है, फिर भी वर्तमान सरकारउनका रखरखाव और पेयजल आपूर्ति में नाकाम है।

## जय गुरुदेव अचलधाम में अचल प्रसाद जी के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद



**छिन्दवाड़ा।** जय गुरुदेव अचलधाम में सिंधी समाज के परम पूज्य गुरुजी अचल प्रसाद के जन्मोत्सव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सत्संग, भोग साहब और पल्लव के कार्यक्रम हुये इस दौरान केक काट कर उनके शिष्यों ने उनका अवतरण दिवस मनाया। कार्यक्रम में सांसद बंटी विवेक साहू ने पहुंचकर साई श्री ईश्वरदास जी उदासी गुरुजी का आशीर्वाद प्राप्त किया और छिंदवाड़ा वासियों के कल्याण के लिए प्रार्थना की। गुरुजी ने सांसद बंटी विवेक साहू को श्री रामेश्वर धाम की स्थापना और सहस्त्र चंडी महायज्ञ के सफल आयोजन की बधाईयां दी। कार्यक्रम में सिंधी समाज के अध्यक्ष डॉ. कृष्ण हरजानी, घनश्याम पंजवानी, गोपी चंद नथानी, दुर्गादास नोटानी, पीताम्बर दौड़ानी, तुलसीदास परसवानी, सुरेश माधवानी एवं अनेक वरिष्ठजन उपस्थित थे।

### मेहनत, मजदूरी से आत्मनिर्भरता तक का सफर तय कर बनी सफल महिला उद्यमी

# पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना से बदली लीला बाई की जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के अंतर्गत छिंदवाड़ा जिले के परासिया विकासखंड के ग्राम उमरेठ की श्रीमती लीला बाई साहू ने अपने परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर एक सफल महिला उद्यमी के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि सही मार्गदर्शन और समय पर सरकारी सहायता मिले, तो ग्रामीण महिलाएं भी आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

केवल कक्षा 5वीं तक शिक्षित



श्रीमती लीला बाई साहू पहले मेहनत मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार के भरण पोषण में सहयोग करती थीं। मजदूरी से उन्हें 4 से 5 हजार रूपये की आय ही हो पाती थी। परिवार का भरण पोषण करना कठिन था। उद्यानिकी विभाग के अमले के संपर्क में आने पर उन्हें प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की जानकारी प्राप्त हुई। विभाग के मार्गदर्शन में पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत बैंक के द्वारा पापड़, सिवई एवं मसाला चक्की के लिए 2.36 लाख का बैंक ऋण स्वीकृत किया गया। यह सहायता बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा उमरेठ के माध्यम से प्राप्त हुई। योजना से मिली आर्थिक सहायता से उन्होंने आधुनिक शक्तिचलित मशीनें खरीदीं, जिनमें 1 HP पापड़ निर्माण मशीन तथा 2 HP सेवई निर्माण मशीन शामिल हैं। नई मशीनों के उपयोग से उनके उत्पादन कार्य में तेजी आई और गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ।

#### उत्पादन और आय में आया बड़ा परिवर्तन


नई तकनीक अपनाने के बाद अब श्रीमती लीला बाई साहू प्रतिदिन लगभग 15 से 20 किलोग्राम सेवई तथा 4 से 5 किलोग्राम आटे के पापड़ का निर्माण कर रही हैं। हस्तचलित मशीन की अपेक्षा शक्तिचलित मशीनों के उपयोग से उनके उत्पादों की गुणवत्ता बेहतर होने से स्थानीय बाजार में मांग लगातार बढ़ रही है। उनकी मासिक आय 12,000 रुपये प्रतिमाह हो गई है। इसके साथ ही उन्होंने 1 महिला एवं 1 पुरुष को रोजगार देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन का भी कार्य किया है।

# धार्मिक अनुष्ठान आमजनों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने का प्रमुख माध्यमः साहू

### बिछुआ और गोनी में आयोजित धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

क्षेत्र में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धालुओं और आमजनों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने के प्रमुख माध्यम है। इस तरह के आयोजनों से जहा क्षेत्र का वातावरण धर्ममय हो जाता हैं वहीं लोगों को आध्यात्म से जोड़ने का मौका भी मिलता है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने बिछुआ में मातृ शक्ति महिला मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण एवं शिव महिमा वर्णन एवं गोनी में श्री सिंहवाहिनी सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री नवकुण्डीय शतचण्डी महायज्ञ व




श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव के दौरान कही। के दौरान कही।

उल्लेखनीय है कि बिछुआ में मातृ शक्ति महिला मंडल द्वारा श्रीमद् भागवत महापुराण एवं शिव महिमा वर्णन का आयोजन 2 मई से 11 मई तक किया जा रहा हैं। जिसमें श्रीधाम वृन्दावन की कथाव्यास अपर्णा किशोरी द्वारा श्रीमद भागवत महापुराण व शिव महिमा वर्णन किया जा रहा है। इसी तरह ग्राम गोनी में श्री सिंहवाहिनी सेवा समिति के द्वारा 4 मई से 12 मई तक श्री नवकुण्डीय शतचण्डी महायज्ञ व श्रीमद् देवी भागवत महापुराण एवं प्राण प्रतिष्ठा महा महोत्सव का आयोजन चल रहा है। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू सहित अन्य अतिथियों ने बिछुआ एवं गोनी में कथा का श्रवण भी किया।

### बीएमओ के निर्देशन में हुआ प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी

# पोषण क्लिनिक प्रशिक्षण आयोजित, कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार पर दिया गया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



सिविल अस्पताल सौसर के मीटिंग हाल में प्रभारी बीएमओ सौसर श्री रुपेश बोकडे के निर्देशन में पोषण क्लिनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्र में चिन्हित SAM एवं MAM श्रेणी के बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना रहा। प्रशिक्षण के दौरान अंतरा फाउंडेशन द्वारा SAM एवं MAM बच्चों का डेटा प्रस्तुत किया गया तथा बताया गया कि पोषण क्लिनिक के माध्यम से बच्चों की नियमित स्क्रीनिंग कर आवश्यकता अनुसार उन्हें एनआरसी (NRC) रेफर किया जा सके, जिससे बच्चों को उचित स्वास्थ्य लाभ एवं पोषण उपचार प्राप्त हो सके। प्रशिक्षण में कुपोषित बच्चों की पहचान, स्वास्थ्य परीक्षण, फॉलोअप एवं रेफरल प्रक्रिया संबंधी आवश्यक जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी अमले की सक्रिय सहभागिता रही। प्रशिक्षण में समस्त एएनएम , सीएचओ , आशा सुपरवाइजर एवं आई सी डी एस सुपरवाइजर शामिल हुए। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को क्षेत्र स्तर पर समन्वय बनाकर कुपोषित बच्चों की स्क्रीनिंग एवं उपचार कार्य को प्राथमिकता से संचालित करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार के लिए विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया।

### जनगणना 2027 कार्यों में पांढुर्णा जिला अग्रसर, अधिकांश एचएलबी कार्य पूर्ण

कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ और अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी नीलमणि अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी सीएमएमएस पोर्टल रिपोर्ट के अनुसार जिले में जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग एवं संबंधित कार्यों की प्रगति लगातार जारी है। रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 688 एचएलबी में से 643 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 45 कार्य प्रारंभ होना शेष हैं। जिले में कुल 89 हजार 439 जनगणना मकानों का विवरण दर्ज किया गया है। रिपोर्ट अनुसार पांढुर्णा ग्रामीण क्षेत्र में 286 एचएलबी में से 282 कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं सौसर ग्रामीण क्षेत्र में 230 एचएलबी में से 192 कार्य पूर्ण हुए हैं। पांढुर्णा शहरी, सौसर शहरी, मोहगांव शहरी, लोधीखेड़ा शहरी एवं पिपला नारायणवार शहरी क्षेत्रों में भी जनगणना संबंधी कार्य तेजी से संचालित किए जा रहे हैं।

### "एक सकोरा – एक प्राण" अभियान के माध्यम से जीव संरक्षण का दिया संदेश

छिंदवाड़ा। गर्मी के बढ़ते प्रभाव और जल संकट को ध्यान में रखते हुए जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से "एक सकोरा – एक प्राण" अभियान का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे सेक्टर 3 की नवांकुर संस्था अपूर्वा फाऊंडेशन, अहिंसा सर्वोदय संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भाना देही के संयुक्त तत्ववाधान में ग्राम भानादेही मे एक प्राण एक अभियान पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पक्षियों एवं छोटे जीवों के लिए पानी की व्यवस्था करना तथा समाज में प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना हे। वर्तमान मे भीषण गर्मी के कारण पक्षियों और छोटे जीवों को पानी नहीं मिल पाता, जिससे उनकी जान पर संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसे समय में यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर या आसपास एक सकोरा पानी का रखे, तो यह हजारों जीवों के लिए जीवनदायी सिद्ध हो सकता है। संस्था केअध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि "एक सकोरा – एक प्राण" केवल एक सामाजिक अभियान नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश है। प्रकृति के संतुलन को बनाये रखने मे,जीव ओर पक्षियों विशेष योगदान होता है, इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी हे। वही संस्था द्वारा ग्राम रंगीनखापा भानादेही के मंदिर , सार्वजनिक क्षेत्रो मे लगे पेढ़ो एवं ग्रामीण जनो को निशुल्क सकोरे वितरित कर उन घरो पर सकोरे लगाये गये ।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सचिव श्वेता चंद्रवंशी ने लोगों से अपील की गई कि वे अपने आसपास कम से कम एक सकोरा अवश्य रखें और प्रतिदिन उसमें स्वच्छ पानी भरकर जीवों की रक्षा में अपना योगदान दें।



## सांई मंदिर के समीप खडी कार से टकराया बाईक सवार



**परासिया।** चांदामेटा मार्ग पर सांई मंदिर के सामने बाईक सवार खडी कार से टकरा गया। इस दुर्घटना मं साईलेंसर उसके गले में घुस गया। उसके गले में गंभीर चोट आई। उसे परासिया अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल छिंदवाडा रिफर कर दिया गया। शुक्रवार को ढाई बजे उसका उपचार जारी था। युवक खतरे से बाहर है।चांदामेटा निवासी इंशात पिता राजा कैथवास अपनी बाईक से परासिया की ओर आ रहा था। सांई मंदिर के सामने सडक पर खडी कार से उसकी बाइ़रक की भिडंत हो गई। इस टक्कर में उसके गले में साईलेंसर घुस गया। उसे तत्काल परासिया अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छिंदवाडा रिफर कर दिया गया। छिंदवाडा में उसका उपचार जारी है। वह खतरे से बाहर बताया जा रहा है।

# दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया वात्सल्य महोत्सव

### सर्वोदय अहिंसा ने आधार फाउंडेशन में किया सुंदर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



शनिवार के शुभ दिन सर्वोदय अहिंसा की टीम के साथ अहिंसा प्रेमी जैन बंधुगण छिंदवाड़ा के परासिया रोड स्थित दिव्यांगों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन पहुंचे और विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लेकर वात्सल्य महोत्सव मनाया।

जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं स्वच्छता ब्रांड, विशिष्ट अतिथि श्रीमती मंजूषा कवि जैन, विशाखा प्रतीक सिंघई, श्रीमती किरण मोदी ने रिबन खोल कर महावीर भगवान सहित अहिंसा परमो धर्म की जयघोष से किया।इस अवसर दिव्यांग बच्चों के साथ आधार की संचालिका सरिता पांडे ने सभी अतिथियों का तिलक एवं बैच लगाकर अभिनंदन किया वहीं दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन सक्षम के जिला अध्यक्ष इंजीनियर महेश किंथ ने किया।

इस अवसर पर सिंघई परिवार द्वारा सभी दिव्यांग बच्चों सहित आधार परिवार को स्वादिष्ट भोजन कराया गया वहीं शिक्षिका श्रीमती मंजूषा कवि जैन ने दिव्यांग बच्चों को गोदरेज की अलमारी भेंट कर शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों सहित आधार की टीम को स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने स्वच्छता सहित सर्वोदय अहिंसा की शपथ दिलाई ओर ग्रीष्मकाल को देखते हुए पक्षियों के लिए जलपात्रों में जलभर कर जियो और जीने दो का संदेश दिया। सुंदर आयोजन की सभी अहिंसा प्रेमियों ने सराहना की ओर दिव्यांग बच्चों के साथ नृत्यगान कर सर्वोदय अहिंसा सहित स्वच्छता एवं नशा मुक्त भारत का संदेश दिया।

# शताब्दी वर्ष में संकल्प होंगे पूरे गायत्री परिवार का प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ में जिला स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जिला समन्वयक शंकर घोड़की की अध्यक्षता में आज 9 मई को संपन्न हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य गायत्री परिवार के आगामी शताब्दी वर्ष में होने जा रहे कार्यक्रमों को गति प्रदान करना और कार्यकर्ताओं को विभिन्न अभियानों के लिए प्रशिक्षित करना था।

शिविर में जिला सह-समन्वयक एवं प्रबंध ट्रस्टी जयंत चरडे, सौसर समन्वयक नितिन बोडे, पांढुर्णा समन्वयक रामराव कालबांडे, चित्रसेन रबड़े, नरेंद्र हिंगवे (सिवनी), योगिराज वानोडे और रमेश कोरडे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रवक्ता किशोर किनकर ने बताया कि शिविर में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी, नारी जागरण, कन्या कौशल संवर्धन, जल संरक्षण, स्वावलंबन और आदर्श ग्राम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा और युवा जोड़ो अभियान के माध्यम से नई पीढ़ी को जोड़ने की रणनीति तैयार की गई। तुकाराम किनकर द्वारा संचालित इस शिविर को सफल बनाने में भीमराज पराड़कर, चंद्रभान डोंगरे, गजानन मस्तकार, डॉ. अनिल पूरी, कैलाश चौधरी, और पुष्पलता खंडार सहित सभी चेतना केंद्र प्रभारियों का सक्रिय योगदान रहा। आगामी दिनों में धार्मिक कार्यक्रमों की संख्या में बढोत्तरी की आशा है।

## वेकोलि में पदस्थ चाइल्ड स्पेशलिस्ट की सेवाएं सबको मिले : एचएमएस पेंच जीएम से रखी मांग

**परासिया** :- कोयला श्रमिक सभा (एचएमएस) ने वेकोलि के अस्पताल में पदस्थ चाइल्ड स्पेशलिस्ट की सेवा सबके लिए उपलब्ध कराने की मांग रखी है । श्रमिक संगठन एच एम एस के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने इस संबंध में पेंच कोयला क्षेत्र के जी एम को पत्र लिखा है । उन्होंने पत्र के माध्यम से प्रबंधन अवगत कराया है , कि परासिया में कोलड्रिफ कफ सिरप की घटना होने के बाद कुछ चाइल्ड स्पेशलिस्टों के खिलाफ कारवाई होने के चलते पेंच कोयला क्षेत्र में एक भी चाइल्ड स्पेशलिस्ट नहीं , जबकि प्रबंधन के द्वारा संचालित बड़कुही के केंद्रीय चिकित्सालय में चाइल्ड स्पेशलिस्ट है । जो केवल एक वेकोलि कामगारों और उनके आश्रितों के बच्चों का इलाज करते हैं । उन्होंने महाप्रबंधक से आग्रह किया है , कि जिस तरह वेकोलि के विभिन्न क्षेत्रों में अन्य लोग भी निवास करते हैं , जिनके लिए प्रबंधन सी एस आर कार्यक्रम के तहत विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराता है । इसी आधार पर क्षेत्र में चाइल्ड स्पेशलिस्ट की गंभीर समस्या को देखते हुए प्रबंधन के अधीन कार्यरत चाइल्ड स्पेशलिस्ट की सेवाएं सबके लिए उपलब्ध करा दी जाए तो यह व्यवस्था सी एस आर कार्यक्रम का उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी ।

### श्रीमद् भागवत कथा का 7 दिवसीय संगीतमय आयोजन होगा प्रारंभ

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगाँव खुर्द में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। जहाँ आगामी 10 मई से 16 माई तक भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में धर्म पथिक के रूप में विख्यात राष्ट्रीय प्रवक्ता शैलेन्द्र कृष्ण वृन्दावन धाम अपने मुखारविंद से कथा की अमृत वर्षा करेंगे। यह संपूर्ण आयोजन ब्रह्मलीन संत श्री श्री 1008 को मौनी महाराज के आशीर्वाद और उनकी स्मृति को समर्पित है। इस आशय की जानकारी देते हुए पूर्व जनपद सदस्य झामसिंह बिसेन ने बताया कि कार्यक्रम का श्रीगणेश 10 मई को होगा। इस दिन ग्राम में भव्य दिव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें मातृशक्तिमंगल कलश धारण कर शामिल होगी।

## व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत संपन्न

### 25 लाख रुपए से अधिक की हुई राशि वसूली, पक्षकारों को बांटे पौधे



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार खंडपीठ 15 व्यवहार न्यायालय कटंगी में शनिवार 09 मई को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राणेश कुमार प्राण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट और सतीश शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर शनिवार की सुबह साढ़े 10 बजे न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी शबाना खान ने मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन और माल्यार्पण कर किया। व्यवहार न्यायालय ने शाम साढ़े 05 बजे प्रेस नोट जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित 15 आपराधिक प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 40 लोग लाभान्वित हुए। पारिवारिक विवाद से संबंधित 03 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 9 लोग लाभान्वित हुए। धारा 138 चौक बाउंस के 05 प्रकरणों का निराकरण 80 लाख रुपए की राशि में राजीनामा किया गया। जिसमें 07 लोग लाभान्वित हुए। बैंकों के वसूली के लंबित प्रकरणों में 9 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 13 लाख 30 हजार रुपये की वसूली की गई। नगरपरिषद के जलकर के 15 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 1 लाख 10 हजार 553 रुपये की राशि वसूली की गई। संपत्ति कर के 15 प्रकरणों में 9 लाख 59 हजार 508 रुपये और नजूल के 14 प्रकरणों का निराकरण 1 लाख 5 हजार 560 रुपये की राशि वसूली की गई। इस अवसर पर पीठासीन अधिकारी शबाना खान ने न्यायालय में लंबित प्रकरणों में राजीनामा किये जाने वाले पक्षकारों को पौधे वितरित किए। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के. एस. पटले, आनंद टेंभरे, टोपेश ठाकरे, संजय खोब्रागडे, राजकुमार नंदागौरी, जितेन्द्र ठाकुर, हिमांशु मोर, लकेश गौतम, दिनेश मिश्रा और समस्त अधिवक्तागण सहित न्यायिक कर्मचारी मधुसूदन नागेश्वर, समीर बिसेन, हितेन्द्र गढपाल, कटंगी और तिरोड़ी के बैंको के अधिकारीगण, नगर परिषद के कर्मचारीगण एवं समस्त पक्षकार गण उपस्थित रहे।

### विवाहिता से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को भेजा गया जेल

**कटंगी।** कटंगी थाना क्षेत्र के एक गांव में 35 वर्षीय विवाहित महिला से छेड़छाड़ करने वाले 52 वर्षीय आरोपी धनिसंह पिता बाबूलाल ठाकरे को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पीड़ति महिला ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 06 मई को जब वह घर के आंगन में काम कर रही थी तभी आरोपी ने अचानक से आंगन में आकर बुरी नियत से उसका हाथ पकड़ लिया। महिला ने इसका विरोध किया और अपने पति को जानकारी दी। जब पति आरोपी को समझाने के लिए गया तो उसके साथ भी आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट की कोशिश की। इस पूरी घटना के बाद पीड़तिों ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ के मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को 08 मई को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

## स्वास्थ्य केंद्र में महाराणा प्रताप की मनाई गई जयंती

### अस्पताल में भर्ती मरीजों और एनआरसी में बच्चों को वितरित किए गए फल

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार की शाम साढ़े 06 बजे राजपुत क्षत्रिय समाज ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती बेहद साधारण तरीके से मनाई। इस अवसर पर अस्पताल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन संघर्ष, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति उनके समर्पण को याद किया गया। उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। राजपूत समाज के लोगों ने कहा महाराणा प्रताप ने मुगल साम्राज्य की विशाल सेना के सामने झुकने से इनकार कर स्वतंत्रता के लिए जंगलों और पहाड़ों में संघर्ष किया। ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध और चित्तौड़ की रक्षा के लिए किए गए महाराणा प्रताप के त्याग आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा है। उन्होंने महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाकर देश और समाज की सेवा करने का आह्वान किया। जिसके बाद अस्पताल में भर्ती मरीजों उनके परिजनों और पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों को फल वितरित किए गए। इस अवसर पर सुरजीत सिंह ठाकुर, यशवंत सिंह ठाकुर, गणपत सिंह चौहान, हेमन्त सिंह ठाकुर, सतीश सिंह परमार, पिंटू तिवारी, सुरेन्द्र राहंगडाले, महेंद्र सिंह बघेल, बबला सिंह चौहान सहित अस्पताल कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर के लांजी दौरे के बीच तहसील कार्यालय की बदहाली पर फूटा जनता का गुस्सा

### सर्वर बंद, बैटरी खराब और घंटों इंतजार- परेशान लोगों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी तहसील कार्यालय की अव्यवस्थाओं को लेकर अब आमजन का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। शनिवार को जब कलेक्टर लांजी पहुंचे, उसी दौरान क्षेत्र के नागरिकों और सेवा कार्यकर्ताओ ने तहसील कार्यालय की बदहाल व्यवस्था को लेकर आवेदन सौंपते हुए तत्काल सुधार की मांग उठाई। लोगों ने आरोप लगाया कि तहसील परिसर में लंबे समय से तकनीकी अव्यवस्था और लापरवाही के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में बताया गया कि तहसील कार्यालय में रखी बैटरियां खराब हो चुकी हैं, जिसके चलते आए दिन सर्वर बंद हो जाता है। सर्वर ठप रहने से जमीन की रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण दूर-दराज गांवों से अपनी जमीन संबंधी काम लेकर तहसील पहुंचते हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद बिना काम कराए वापस लौटना पड़ता है। कई बार लोगों को दूसरे दिन फिर तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि तहसील कार्यालय में उचित रखरखाव के अभाव में कामकाज की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। नागरिकों का कहना है कि एक ओर सरकार प्रशासनिक सुविधाओं को डिजिटल और सरल बनाने का दावा कर रही है, वहीं दसरी ओर लांजी तहसील में मूलभत व्यवस्थाएं तक पटरी पर नहीं हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि तहसील कार्यालय की तकनीकी खामियों की जांच कर तत्काल नई बैटरियां लगाई जाएं और सर्वर व्यवस्था को दुरुस्त कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। आवेदन पर कई नागरिकों और सामाजिक कार्यकतार्ओं के हस्ताक्षर भी मौजूद रहे। कलेक्टर के दौरे के दौरान उठे इस मुद्दे ने तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब लोगों की निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

### लाखों रुपये के अवॉर्ड पारित, पक्षकारों को मिला त्वरित न्याय

# नेशनल लोक अदालत में गूंजा समझौते का संदेश, 32 मामलों का हुआ निराकरण



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों का आपसी सहमति और समझौते के आधार पर निराकरण किया गया। लोक अदालत के दौरान कुल 32 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निपटारा करते हुए लगभग 5 लाख 89 हजार 492 रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। पूरे आयोजन में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक कर्मियों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित इस लोक अदालत का संचालन जिला न्यायालय बालाघाट के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से हुआ, जिसके बाद व्यवहार न्यायालय कनिष्ठ खंड लांजी में विभिन्न मामलों की सुनवाई और समझौता प्रक्रिया शुरू की गई।

लोक अदालत में मारपीट, पारिवारिक विवाद, भरण-पोषण, चेक बाउंस, वैवाहिक विवाद और वाहन दुर्घटना से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के साथ सुना गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की खंडपीठ के समक्ष कुल 79 प्रकरण रखे गए थे, जिनमें से 8 मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। इन मामलों में लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित पक्षकारों ने भी लोक अदालत की प्रक्रिया को सरल और त्वरित बताते हुए संतोष जताया। कई वर्षों से लंबित प्रकरणों के निपटारे से लोगों को राहत मिली और न्यायालयीन विवादों का शांतिर्पण समाधान संभव हो सका।

लोक अदालत में केवल न्यायालयीन मामले ही नहीं, बल्कि बैंक, नगरपालिका, बीएसएनएल और वित्तीय संस्थाओं से जुड़े प्रीलिटिगेशन मामलों का भी निराकरण किया गया। कुल 1085 प्रकरणों को विचारार्थ रखा गया था, जिनमें से 24 मामलों का समझौते के आधार पर समाधान किया गया। इन प्रकरणों में करीब 2 लाख 39 हजार 492 रुपये की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। आयोजन में अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारी, पक्षकार एवं तहसील विधिक सेवा समिति के पैरालीगल वालंटियर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिला स्तरीय बैठक संपन्न, लंबित मांगों पर चर्चा

## लालबर्रा जनपद के सभागार में पंचायत सचिव संगठन ने भरी हुंकार



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

जनपद पंचायत लालबर्रा के सभागार में पंचायत सचिव संगठन की जिला स्तरीय बैठक शनिवार 09 मई को दोपहर लगभग 2:00 बजे संपन्न हुई. बैठक में सेवा काल की गणना नियुक्ति दिनांक से किए जाने संबंधी कोर्ट में दायर याचिका पर प्रदेश स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार चर्चा की गईं इसके साथ ही संगठन की अन्य लंबित प्रदेश स्तरीय मांगों पर भी विचार-विमर्श किया गया । जनपद में आयोजित बैठक में संगठन की आगामी रणनीति एवं सचिवों की लंबित मांगों के पर चर्चा की गई। "पंचायत सचिव संगठन जिंदाबाद" के नारों के साथ संगठन के पदाधिकारियों ने सचिव साथियों से एकजुटता बनाए रखने की अपील की है। जिला स्तरीय आयोजित बैठक में सचिव संगठन के पदाधिकारी राजेंद्र बागरे, जितेंद्र लांगे, जगराम राउत,डीजल लाल दसारिए, अनिरुद्ध लांजेवार, नंदकिशोर बिसेन,खरगलाल टैंभरे अभिषेक अवधिया,राजेश मेश्राम, सूरजलाल शिव, सुरेन्द्र कुमार भंडारकर, श्रीमती आशा माने श्रीमती लिमेश्वरी कटरे, कमलेश चौहान,रितु लांगे, कपिल अमूले नूरेंद्र बघेल, केशव मोहबे, शंकर लाल मात्रे,जितेंद्र गणवीर, हुकुमचंद रंहागडाले, मूलचंद बिसेन, युवराज पटले, डोमनलाल सोनवाने, जगदीश शांडिल्य, उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### 229 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किसानों के खातों में पहुंचा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले में रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्य लगातार गति पकड़ रहा है। जिले में पंजीकृत किसानों से 78 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से व्यवस्थित रूप से खरीदी की जा रही है। प्रशासन द्वारा किसानों को सुगम एवं पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।
इस वर्ष जिले में 54 हजार 96 किसानों ने गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन कराया है। उपार्जन कार्य के लिए 44 हजार 278 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किए गए, जिनमें से अब तक 24 हजार 17 किसान अपनी उपज का विक्रय कर चुके हैं। जिले में अब तक कुल 1 लाख 50 हजार 536 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।
उपार्जित गेहूं के परिवहन एवं भंडारण कार्य में भी तेजी लाई गई है। अब तक 1 लाख 40 हजार 284 मीट्रिक टन गेहूं रेडी-टू-ट्रांसपोर्ट किया जा चुका है, जबकि 1 लाख 25 हजार 197 मीट्रिक टन गेहूं का परिवहन पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही 1 लाख 13 हजार 574 मीट्रिक टन गेहूं की गुणवत्ता स्वीकृति प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में भी प्रशासन द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं। अब तक किसानों को 229 करोड़ 7 लाख रुपये से अधिक की राशि का सफल भुगतान उनके बैंक खातों में किया जा चुका है।
कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। केंद्रों पर तौल व्यवस्था, हमाल, बारदाना, पेयजल एवं छाया जैसी व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि किसानों को उपार्जन कार्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### कृषि विज्ञान केंद्र में पौधशाला प्रबंधन पर वैज्ञानिकों ने दिया प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी के दर्पण सभागार में सब्जियों की पौधशाला प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डी.एस. ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जी.के. राणा एवं इंजीनियर कुमार सोनी द्वारा किसानों को पौधशाला प्रबंधन की उन्नत तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को कृषि विज्ञान केंद्र में संचालित पशुपालन इकाई, केंचुआ खाद उत्पादन इकाई एवं अजोला उत्पादन इकाई का भ्रमण भी कराया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि ये इकाइयाँ किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रशिक्षण में किसानों को गुणवत्तायुक्त सब्जी पौध तैयार करने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि पौधशाला ऐसे स्थान पर तैयार करनी चाहिए जहाँ भूमि आसपास के क्षेत्र से थोड़ी ऊँची हो तथा खेत में 5 से 10 प्रतिशत ढलान हो, ताकि वर्षा का पानी आसानी से बाहर निकल सके। पौधों के बेहतर विकास के लिए पूरे दिन पर्याप्त सूर्य प्रकाश उपलब्ध होना आवश्यक है। सिंचाई के उचित साधन तथा मिट्टी का पीएच मान लगभग 7 होना चाहिए, जिससे बीजों का अंकुरण सुचारू रूप से हो सके।

### एमएसएमई इकाइयों से राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों के लिए ईओआई आमंत्रित ईओआई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महा प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2026-2027 के दौरान सहभागिता अथवा सहायता प्रदान किए जाने वाले विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों, प्रदर्शनियों एवं व्यापार मेलों में भाग लेने हेतु राज्य की पात्र विनिर्माण क्षेत्र की एमएसएमई इकाइयों से अभिरूचि की अभिव्यक्ति ईओआई आमंत्रित की गई है। इस संबंध में सूचना राज्य के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई गई है।
ईओआईदस्तावेज में प्रारंभिक योग्यता मानदंड, आवेदन की शर्तें, उद्देश्य एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण उपलब्ध है। इच्छुक एमएसएमई इकाइयाँ विभागीय वेबसाइट एमपी एमएसएमई विभागीय वेबसाइटी से ईओआई दस्तावेज डाउनलोड कर सकती हैं। आवेदन प्रारंभ होने की तिथि 04 मई 2026 तथा आवेदन की अंतिम तिथि 03 जून 2026 निर्धारित की गई है। संबंधित संगठनों, औद्योगिक संघों एवं संस्थाओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपने संगठन अंतर्गत सदस्य एमएसएमई इकाइयों को ईओआई संबंधी जानकारी उपलब्ध कराते हुए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# अच्छी खबर: सिवनी जिले को मिलेगा लाभ जबलपुर - मंडला फोर्ट-नैनपुर-छिंदवाड़ा रेलखंड में यात्री ट्रेनों के विलय से नई एकीकृत रेल सेवाओं का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल संचालन को ध्यान में रखते हुए मंडला फोर्ट-नैनपुर-जबलपुर तथा मंडला फोर्ट-नैनपुर-छिंदवाड़ा खंड में संचालित यात्री ट्रेनों का विलय कर नई एकीकृत रेल सेवाएं प्रारंभ की जा रही हैं। यह नई व्यवस्था दिनांक 09 एवं 10 मई 2026 से प्रभावी होगी। इस पहल के अंतर्गत पूर्व में अलग-अलग संचालित होने वाली पैसेंजर ट्रेनों को जोडक़र यात्रियों को अधिक सुगम एवं निर्बाध यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यात्रियों को ट्रेन बदलने की असुविधा से राहत मिलेगी तथा यात्रा समय में भी सुविधा होगी। इसी क्रम में दिनांक 09 मई 2026 को मंडला फोर्ट स्टेशन पर ट्रेन संख्या 51706 एवं 58824 के उद्घाटन अवसर पर फ्लैग ऑफ कार्यक्रम आयोजित किया गया।
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु विभिन्न पैसेंजर गाडिय़ों की विस्तृत समय-सारणी निम्नानुसार हैं।

#### ट्रेन क्र. 51703 जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर

जबलपुर से रवाना 18.55 बजे होकर गढ़ा 19.31/19.33 बजे, ग्वारीघाट 19.42/19.44 बजे, जामतारा परसवारा 19.55/19.56 बजे, चारघाट पिपरिया 20.04/20.05 बजे, बरगी 20.12/20.14 बजे, सुकरी मंगेला 20.24/20.26 बजे, कलादेही 20.30/20.31 बजे, देवरी 20.36/20.37 बजे, शिकारा 20.58/21.00 बजे, बिनैकी 21.11/21.13 बजे, घंसौर 21.22/21.24 बजे, निधानी 21.31/21.33 बजे, पुतर्रा 21.40/21.41 बजे, पिंडरई 21.48/21.50 बजे, जेवनारा 21.57/21.58 बजे, नैनपुर 23.00/23.15 बजे, धतुरा अलीपुर 23.23/23.24 बजे, जामगांव 23.28/23.29 बजे, रामपुरी 23.35/23.36 बजे, चिरईडोंगरी 23.42/23.44 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 23.49/23.50 बजे, बम्हनीबंजर 23.56/23.57 बजे, लिमरुआ 00.03/00.04 बजे एवं मंडलाफोर्ट 00.30 बजे पहुचेगी।




#### ट्रेन क्र. 51704 मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर

मंडलाफोर्ट से रवाना 05.10 बजे होकर लिमरुआ 05.16/05.17 बजे, बम्हनीबंजर 05.23/05.24 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 05.30/05.31 बजे, चिरईडोंगरी 05.36/05.38 बजे, रामपुरी 05.41/05.42 बजे, जामगांव 05.48/05.49 बजे, धतुरा अलीपुर 05.53/05.54 बजे, नैनपुर 06.10/06.40 बजे, जेवनारा 06.44/06.45 बजे, पिंडरई 06.51/06.53 बजे, पुतर्रा 07.01/07.02 बजे, निधानी 07.13/07.15 बजे, घंसौर 07.21/07.23 बजे, बिनैकी 07.31/07.33 बजे, शिकारा 07.44/07.46 बजे, देवरी 07.57/07.58 बजे, कलादेही 08.02/08.03 बजे, सुकरी मंगेला 08.06/08.08 बजे, बरगी 08.18/08.20 बजे, चारघाट पिपरिया 08.28/08.29 बजे, जामतारा परसवारा 08.37/08.38 बजे, ग्वारीघाट 08.43/08.45 बजे, गढ़ा 08.52/08.54 बजे एवं जबलपुर 10.05 बजे पहुचेगी।

#### ट्रेन क्र. 51705 (जबलपुर-मंडला फोर्ट पैसेंजर)

जबलपुर से रवाना 09.55 बजे होकर गढ़ा 10.38/10.40 बजे, ग्वारीघाट 10.47/10.49 बजे, जामतारा परसवारा 10.55/10.56 बजे, चारघाट पिपरिया 11.04/11.05 बजे, बरगी 11.12/11.14 बजे, सुकरी मंगेला 11.26/11.28 बजे, कलादेही 11.32/11.33 बजे, देवरी 11.48/11.49 बजे, शिकारा 11.58/12.00 बजे, बिनैकी 12.13/12.15 बजे, घंसौर 12.23/12.25 बजे, निधानी 12.33/12.35 बजे, पुतर्रा 12.42/12.43 बजे, पिंडरई 12.50/12.52 बजे, जेवनारा 12.59/13.00 बजे, नैनपुर 13.50/14.00 बजे, धतुरा अलीपुर 14.07/14.08 बजे, जामगांव 14.12/14.13 बजे, रामपुरी 14.19/14.20 बजे, चिरईडोंगरी 14.25/14.27 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 14.33/14.34 बजे, बम्हनीबंजर 14.40/14.41 बजे, लिमरुआ 14.47/14.48 बजे एवं मंडलाफोर्ट 15.00 बजे पहुचेगी।

#### ट्रेन क्र. 51706 (मंडला फोर्ट-जबलपुर पैसेंजर

मंडलाफोर्ट से रवाना 15.30 बजे होकर लिमरुआ 15.34/15.35 बजे, बम्हनीबंजर 15.41/15.42 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 15.48/15.49 बजे, चिरईडोंगरी 15.53/15.55 बजे, रामपुरी 16.00/16.01 बजे, जामगांव 16.07/16.08 बजे, धतुरा अलीपुर 16.12/16.13 बजे, नैनपुर 16.30/17.40 बजे, जेवनारा 17.44/17.45 बजे, पिंडरई 17.51/17.53 बजे, पुतर्रा 18.01/18.02 बजे, निधानी 18.08/18.10 बजे, घंसौर 18.16/18.18 बजे, बिनैकी 18.27/18.29 बजे, शिकारा 18.38/18.40 बजे, देवरी 18.48/18.49 बजे, कलादेही 18.54/18.55 बजे, सुकरी मंगेला 18.58/19.00 बजे, बरगी 19.08/19.10 बजे, चारघाट पिपरिया 19.17/19.18 बजे, जामतारा परसवारा 19.26/19.27 बजे, ग्वारीघाट 19.33/19.35 बजे, गढ़ा 19.44/19.46 बजे एवं जबलपुर 21.25 बजे पहुचेगी।

#### ट्रेन क्र. 58823 (छिंदवाड़ा-मंडला फोर्ट पैसेंजर)

छिंदवाडा से रवाना 07.15 होकर घाट परसिया 07.25/07.26 बजे, उमरिया ईसरा 07.30/07.31 बजे, झिलमिली 07.37/07.39 बजे, मरकाहांदी उदादैन 07.45/07.46 बजे, चौरई 07.55/07.57 बजे, कपुरधा हाल्ट 08.03/08.04 बजे, समसवाडा 08.08/08.09 बजे, पिपरडाही 08.18/08.20 बजे, मातृधाम 08.29/08.30 बजे, सिवनी 08.45/08.50 बजे, भोमा 09.11/09.13 बजे, कनिवारा 09.19/09.20 बजे, जुरतरा हाल्ट 09.25/09.26 बजे, पलारी 09.33/09.35 बजे, खैरी 09.43/09.44 बजे, केवलारी 09.51/09.53 बजे, बोथिया 09.58/09.59 बजे, गंगाटोला 10.04/10.05 बजे, खापरी 10.11/10.12 बजे, नैनपुर 11.05/11.15 बजे, धतुरा अलीपुर 11.22/11.23 बजे, जामगांव 11.27/11.28 बजे, रामपुरी 11.34/11.35 बजे, चिरईडोंगरी 11.40/11.42 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 11.48/11.49 बजे, बम्हनीबंजर 11.55/11.56 बजे, लिमरुआ 12.02/12.03 बजे एवं मंडलाफोर्ट 12.15 बजे पहुचेगी।

#### ट्रेन क्र. 58824 (मंडला फोर्ट-छिंदवाड़ा पैसेंजर

मंडलाफोर्ट से रवाना 15.00 बजे होकर लिमरुआ 15.05/15.06 बजे, बम्हनीबंजर 15.12/15.13 बजे, सिमरिया कजऱवाडा 15.19/15.20 बजे, चिरईडोंगरी 15.24/15.26 बजे, रामपुरी 15.31/15.32 बजे, जामगांव 15.38/15.39 बजे, धतुरा अलीपुर 15.43/15.44 बजे, नैनपुर 17.10/17.20 बजे, खापरी 17.24/17.25 बजे, गंगाटोला 17.31/17.32 बजे, बोथिया 17.37/17.38 बजे, केवलारी 17.42/17.44 बजे, खैरी 17.52/17.53 बजे, पलारी 17.58/18.00 बजे, जुरतरा हाल्ट 18.08/18.09 बजे, कनिवारा 18.14/18.15 बजे, भोमा 18.20/18.22 बजे, सिवनी 18.39/18.41 बजे, मातृधाम 18.52/18.53 बजे, पिपरडाही 19.08/19.10 बजे, समसवाडा 19.16/19.17 बजे, कपुरधा हाल्ट 19.21/19.22 बजे, चौरई 19.26/19.28 बजे, मरकाहांदी उदादैन 19.37/19.38 बजे, झिलमिली 19.48/19.50 बजे, उमरिया ईसरा 19.55/19.56 बजे, घाट परसिया 19.59/20.00 बजे एवं छिंदवाडा 21.00 बजे पहुचेगी।
यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा से पूर्व गाडिय़ों की समय-सारणी की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

## चलती 108 एम्बुलेंस हुई बंद, लोगों ने लगाकर धक्का किया चालू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।




जिले के कान्हीवाड़ा बस स्टैंड में शनिवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब आपातकालीन सेवा की 108 एम्बुलेंस अचानक बीच रास्ते में बंद हो गई। वाहन को दोबारा चालू करने के लिए कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को मिलकर एम्बुलेंस में धक्का लगाना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एम्बुलेंस बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचते ही रुक गई। चालक ने कई बार स्टार्ट करने का प्रयास किया, लेकिन वाहन चालू नहीं हुआ। इसके बाद मौके पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों ने मिलकर धक्का लगाकर एम्बुलेंस को चालू कराया। घटना का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। इस घटना ने 108 एम्बुलेंस सेवा की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि यदि उस समय एम्बुलेंस में कोई गंभीर मरीज, गर्भवती महिला या सडक़ हादसे में घायल व्यक्ति होता, तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती थी। स्थानीय नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिले में संचालित सभी 108 एम्बुलेंसों की तकनीकी जांच और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की है।
वहीं, कान्हीवाड़ा अस्पताल की डॉक्टर स्वाति ठाकुर ने बताया कि एम्बुलेंस कुछ समय के लिए बंद हुई थी, बाद में उसे चालू कर लिया गया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में जननी वाहन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, पति-पत्नी गंभीर घायल

**सिवनी/केवलारी।** जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम मरकावाड़ा निवासी विनोद बरकड़े (65) अपनी पत्नी आशा बाई बरकड़े (62) के साथ एक वैवाहिक कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी दौरान मरकावाड़ा और सांईखेड़ा के बीच सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सडक़ पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल डायल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चालक नीतीश कुमार दुबे और ईएमटी पूजा देशमुख ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर केवलारी सिविल अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों को गंभीर चोटें आई हैं और उनका इलाज जारी है। वहीं हादसे के बाद दूसरी बाइक का चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर केवलारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क की बकाया राशि भुगतान किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिवनी**/कृषि उपज मंडी समिति बरघाट में पदस्थ समस्त कर्मचारियों ने गुरुवार 8 मई 2026 को कृषि उपज मंडी कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष नोबद सनोडिया के नेतृत्व में जिला नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय सिवनी पहुंचकर मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क की बकाया राशि भुगतान किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।
कर्मचारियों द्वारा दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा सोसायटियों के माध्यम से धान खरीदी की जाती है, जिस पर शासन एवं मंडी बोर्ड मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार गेहूं एवं धान पर एक प्रतिशत मंडी शुल्क तथा 20 पैसे प्रति सैकड़ा की दर से निराश्रित शुल्क देय है।
कर्मचारियों के अनुसार वर्ष 2018-19 से वर्ष 2025-26 तक जिला नागरिक आपूर्ति निगम विभाग पर मंडी शुल्क की लगभग 8 करोड़ 2 लाख 91 हजार 7 रुपये तथा निराश्रित शुल्क की लगभग 3 करोड़ 55 लाख 70 हजार 708 रुपये की राशि बकाया है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण कृषि उपज मंडी बरघाट में कर्मचारियों के वेतन भुगतान एवं कार्यालयीन खर्चों में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।
बताया गया कि वर्ष 2018-19 से लगातार जिला नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय को कई बार पत्राचार एवं निवेदन किए जा चुके हैं, लेकिन अब तक मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क की राशि का भुगतान नहीं किया गया है।



गुरुवार को भी मंडी कर्मचारियों ने जिला नागरिक आपूर्ति निगम कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से भुगतान के संबंध में चर्चा की, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर सभी कर्मचारी जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे।
जहां जिला कलेक्टर के निर्देश पर एडीएम चनाव को आवेदन सौंपते हुए मंडी शुल्क एवं निराश्रित शुल्क की बकाया राशि शीघ्र दिलाए जाने की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो मंडी संचालन व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

## सिवनी के मनीष अग्रवाल अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड से होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मानवीय मूल्यों और निस्वार्थ सेवा को समर्पित विश्व प्रसिद्ध संस्था द आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सिवनी के समाजसेवी और व्यवसायी मनीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित अनसंग एवरीडे हीरोज अवार्ड (व्यवसाय एवं परोपकार श्रेणी) के लिए चुना गया है। यह सम्मान उन्हें उनके शांत समर्पण और समाज के प्रति परिवर्तनकारी योगदान के लिए दिया जा रहा है।

**गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी का आशीर्वाद**

यह आयोजन द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के 45 वर्ष पूर्ण होने और संस्था के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर जी के 70वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। यह पुरस्कार उन विशिष्ट व्यक्तियों को दिया जाता है जो बिना किसी प्रचार के समाज को समृद्ध करने में जुटे हैं।
जबलपुर में होगा गरिमामय समारोह सम्मान समारोह का आयोजन 13 मई 2026 को शाम 6.30 बजे मानस भवन ऑडिटोरियम, राइट टाउन, जबलपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के कई दिग्गज नेता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। मध्य प्रदेश एपेक्स बॉडी के सदस्य सुनील मालू ने बताया कि इस दौरान पुरस्कार वितरण के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। मनीष अग्रवाल को इस उपलब्धि पर शहर के गणमान्य नागरिकों और इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## मुंडारा के श्रीराधा-कृष्ण मंदिर में 17 मई से प्रारंभ होगी श्रीमद्भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के गोपालगंज के समीप वैनगंगा उद्गम स्थल मुंडारा में पटवा लखेरा समाज सिवनी द्वारा 17 से 24 मई तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ व वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। समाज के प्राचीन श्रीराधा कृष्ण मंदिर के द्वितीय जीर्णोद्धार व सौन्दर्यीकरण का कार्य दानदाताओं के सहयोग से सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह पुनीत आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में योग सम्राट आचार्य महेंद्र मिश्र के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजन का शुभारंभ



17 मई रविवार को दोपहर 2 बजे भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ होगा। 24 मई रविवार को सुबह 9 बजे से हवन, पूर्णाहूति व विशाल महाप्रसाद (भंडारे) का आयोजन किया जाएगा।कथा समापन अवसर पर 24 मई को ही दोपहर 2 बजे से पटवा लखेरा समाज का प्रांतीय-वार्षिक महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। समारोह में समाज के कक्षा 1 से 12वीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ खेलकूद व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले समाज बंधुओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजन समिति पटवा-लखेरा समाज सिवनी ने सभी धर्मप्रेमियों व स्वजातीय बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लें।

### आजीविका मिशन से बदली सुलताना अंसारी की जिंदगी, वाटर प्लांट बन रहा आय का मजबूत जरिया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिले की ग्राम पंचायत खवासा निवासी सुलताना अंशारी ने आजीविका मिशन से जुडक़र आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत की है। पहले वे नेशनल हाईवे स्थित अपनी छोटी सी किराना दुकान के माध्यम से परिवार का भरण-पोषण करती थीं, लेकिन आय सीमित होने के कारण परिवार की जरूरतों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण था। परिवार में कुल 6 सदस्य हैं और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए वे लगातार नए अवसरों की तलाश में थीं। आजीविका मिशन से जुडने के बाद सुलताना अंशारी ने स्व-सहायता समूह के माध्यम से ऋण प्राप्त किया तथा स्वयं की बचत राशि जोडक़र आरओ वाटर प्लांट की स्थापना की। पहले उनके द्वारा किसी प्रकार की विशेष आयवर्धक गतिविधि संचालित नहीं की जा रही थी, लेकिन अब उन्होंने इसे एक सफल व्यवसाय का रूप दे दिया है। वर्तमान में उनके वाटर प्लांट से प्रतिदिन लगभग 100 कैम्पर तैयार किए जा रहे हैं, जिन्हें ग्राम की दुकानों एवं घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाता है। एक कैम्पर की कीमत 25 रुपये निर्धारित है। इस प्रकार प्रतिदिन लगभग 2500 रुपये की बिक्री हो रही है। महीनेभर में कुल बिक्री लगभग 75 हजार रुपये तक पहुंच रही है। इस व्यवसाय में बिजली, मशीन संचालन, परिवहन एवं अन्य खर्च मिलाकर लगभग 40 हजार रुपये मासिक लागत आती है। सभी खर्चों के बाद सुलताना अंशारी को करीब 35 हजार रुपये प्रतिमाह की शुद्ध आय प्राप्त हो रही है। इस अतिरिक्त आय से उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और वे अपने बच्चों की शिक्षा एवं घरेलू आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं। सुलताना अंशारी का कहना है कि आजीविका मिशन से जुडने के बाद उन्हें आत्मविश्वास मिला और स्व-सहायता समूह के सहयोग से स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का अवसर प्राप्त हुआ। आज वे गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं।

## सिवनी बनेगा उन्नत और नवाचार आधारित कृषि मॉडल-कलेक्टर नेहा मीना

### कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता एवं मत्स्य विभागों की समीक्षा बैठक में किसानों की आय बढ़ाने पर रहा विशेष फोकस



**सिवनी, 08 मई 2026/** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में कृषि एवं कृषि संबद्ध विभागों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों, किसानों की आय वृद्धि, प्राकृतिक खेती, आधुनिक तकनीक आधारित कृषि, जैविक उत्पादों के बेहतर बाजार तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य एवं मंडी विभागों की योजनाओं की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती मीना ने जिले की भौगोलिक स्थिति एवं फसलवार रकबे की जानकारी लेते हुए खरीफ मौसम की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने तिलहन एवं दलहन फसलों का रकबा बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को ऐसी फसलों की ओर प्रेरित किया जाए जिनसे कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने रागी जैसी पोषणयुक्त फसलों के विस्तार के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष केवल योजनाओं के क्रियान्वयन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका उद्देश्य किसानों को तकनीक, बाजार, प्रसंस्करण और नवाचार से जोडक़र उनकी आय बढ़ाना है। जिले के लिए आगामी तीन वर्षों की कृषि कार्ययोजना तैयार कर लक्ष्य आधारित तरीके से कार्य किया जाएगा।

## सहकारिता विभाग चावड़ी में नियमों पर उठे सवाल

# सेवानिवृत्ति के बाद भी शाखा प्रबंधक पद पर कायम, आमसभा में 2 साल बढ़ाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के सहकारिता विभाग से जुड़ा एक मामला इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। चावड़ी समिति में पदस्थ शाखा प्रबंधक राम लखन चंद्रवंशी की 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्ति होना तय थी, लेकिन आरोप है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें पद से कार्यमुक्त नहीं किया गया और वे अब भी गेहूं खरीदी कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मामले ने विभागीय कार्यप्रणाली और नियमों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।
सूत्रों के अनुसार नियमानुसार सेवा अवधि पूर्ण होने के बाद कर्मचारी को कार्यमुक्त किया जाना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत शाखा प्रबंधक को जिम्मेदारी सौंपे जाने की बात सामने आ रही है। इससे विभागीय दस्तावेजों और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।
वर्तमान में जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। ऐसे समय में एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की सक्रिय भूमिका को लेकर स्थानीय स्तर पर कई सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यदि नियमों को दरकिनार कर सेवा अवधि के बाद भी पद




पर बनाए रखा जाता है, तो इससे विभागीय पारदर्शिता प्रभावित होती है और शासन की व्यवस्था पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है।
मामले को लेकर यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं कि विभागीय स्तर पर पूरे घटनाक्रम को दबाने का प्रयास किया गया, ताकि किसी प्रकार का विवाद सामने न आए। हालांकि अब तक जिम्मेदार अधिकारी इस विषय पर खुलकर कुछ भी कहने से बचते नजर आ रहे हैं।
सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले शाखा प्रबंधक को किस आधार पर पद पर बनाए रखा गया? क्या इसके लिए कोई वैधानिक अनुमति ली गई या फिर यह केवल विभागीय व्यवस्था के नाम पर किया गया निर्णय है?

### इनका कहना है

इस संबंध में चावड़ी समिति के प्रशासक रवि सरयाम ने बताया कि आमसभा की बैठक में शाखा प्रबंधक की सेवा अवधि दो वर्ष के लिए बढ़ाई गई है। उन्होंने कहा कि समिति में अन्य अनुभवी व्यक्ति उपलब्ध नहीं होने के कारण यह निर्णय लिया गया।
**प्रशासक ने कहा-आमसभा में 2 वर्ष बढ़ाया गया**
वहीं इस मामले में जनरल मैनेजर के.के. सोनी ने कहा कि उनकी जानकारी में सेवानिवृत्त कर्मचारी को इस प्रकार पद पर बनाए रखना समझ से परे है। उन्होंने संकेत दिए कि मामले की जानकारी लेकर आवश्यक प्रक्रिया देखी जाएगी।
**जनरल मैनेजर बोले-मेरी जानकारी में ऐसा रखना समझ से परे**

## शासन-प्रशासन के सहयोग से ग्राम में बिक रही कच्ची पक्की अवैध शराब-विवेक पटेल

# अवैध शराब बिक्री करने वाले पर कार्यवाही की मांग की

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



पुलिस थाना वारासिवनी क्षेत्र के ग्राम पुसुटोला और डंडूटोला में धड़ल्ले से कच्ची और अंग्रेजी शराब बेची जा रही है। इस पर ना ही पुलिस कार्यवाही कर रही है और ना ही आबकारी विभाग कार्यवाही कर रहा है। कुछ दिनों पूर्व पुलिस द्वारा गांव-गांव अभियान चलाकर अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की गई थी। लेकिन कुछ दिन चली खानापूर्ति के बाद यह कार्यवाही अब ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं शासन प्रशासन से परेशान ग्रामीणों ने गांव में निवासरत सभी के प्रयासों से गांव को शराब मुक्त करने का प्रयास कर रहे है। मगर ग्राम में निवासरत मूलचंद रहांगडाले को मना करने के बावजूद ग्राम में कच्ची पक्की शराब बेचा जा रहा है। ग्राम में बिक रही शराब को बंद करवाने को लेकर ग्राम पुसुटोला के सैकड़ों ग्रामीण विधायक विवेक पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे और शराब बेचने वालो पर कार्यवाही करने की मांग की है।

ग्रामीणों की शिकायत के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा पुलिस थाने से एकोड़ी के बीट प्रभारी को बुलाया गया और उनसे ग्रामीणों की समस्याओं के संबंध में चर्चा की गई। बीट प्रभारी द्वारा बताया गया कि मूलचंद रहांगडाले द्वारा पहले पुलिस थाने में शिकायत की गई थी, जब उससे गवाह लेकर आने के लिए कहा गया, तो उसके द्वारा पुलिस अधीक्षक बालाघाट को शिकायत की गई है। जिस पर जॉच की जा रही है। किसी भी निर्दोष ग्रामीण पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जायेगी। वहीं उन्होंने कहा कि यदि मूलचंद रहांगडाले द्वारा अवैध रुप से शराब बिक्री कर गॉव का माहौल खराब किया जा रहा है, तो उसके खिलाफ शिकायत होने पर उचित कार्यवाही की जायेगी। जिस पर विधायक श्री पटेल ने बीट प्रभारी को निर्देश दिया कि उनके बीट क्षेत्र में अवैध रुप से शराब की बिक्री करने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जाये।

### शराब बेचना बंद करने बोलने पर करवा दी झूठी रिपोर्ट-पूरनलाल राहंगडाले

ग्राम पुसुटोला निवासी पूरनलाल राहंगडाले ने बताया कि मूलचंद रहांगडाले द्वारा पिछले 2-3 वर्षों से ग्राम में कच्ची-पक्की शराब बेचने के साथ ही वह खुद शराब का सेवन करता है। जिसके कारण ग्राम में रोज झगड़े होते रहते है। उसे शराब बेचना बंद करने बोलने पर वह अपशब्द के साथ ही मारपीट की धमकी देता है। शराब बेचने के कारण उसे ग्राम में होने वाले किसी भी कार्य में नहीं बुलाया जाता है। जिसके कारण उसने ग्राम के लगभग 15-20 लोगों के खिलाफ थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी है।

### शराबियों के कारण ग्राम का माहौल हो रहा खराब-अनिल शाह उईके

ग्राम डंडुटोला निवासी अनिल शाह उईके ने बताया कि पुसुटोला और डंडूटोला के बीच गांव के एक व्यक्ति द्वारा शराब बेची जा रही है। ग्राम आलेझरी, कासपुर में शराब बिकना बंद है। मगर ग्राम पुसुटोला में एक व्यक्ति द्वारा शराब बेची जा रही है। जिससे ग्राम की महिलाएं बहुत परेशान है। ग्राम के स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे पढ़ाई करने जाते है। उन्हें शराब पीने वाले नशे की हालात में गाली गलौच करते है। खेती करने महिलाएं जा रही है, तो खेतों में शराब की बोतल पड़ी रहती है। हमारी मांग है कि जिस व्यक्ति द्वारा शराब बेची जा रही है। उस पर पुलिस कठोर कार्यवाही कर ग्राम को शराब से मुक्त करे।

### ग्राम में गली-गली अवैध शराब बिकने के कारण ग्राम का माहौल हो रहा खराब-विवेक पटेल

ग्रामीणों की शिकायत सुनने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि ग्राम में शराब बिकने के कारण गांव का माहौल खराब हो रहा है। युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है। गांव में शराब बिकने के चलते महिलाओं और बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। कुछ ग्राम में महिलाओं के एक जुट होने के कारण शराब बिकना बंद हो गई है। ग्राम पुसुटोला के सैकड़ों ग्रामीणों ने ग्राम के एक व्यक्ति की शिकायत की है कि उसके द्वारा अवैध कच्ची पक्की शराब बेची जा रही है। उसे शराब बेचने से मना करने के कारण उसने कुछ ग्रामीणों के खलाफ झूठी रिपोर्ट करवा दी है। मैने पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर झूठी रिपोर्ट करवाने और शराब बेचने वालों पर कार्यवाही को कहा है।

# अंधे हत्याकांड का पर्दाफाश, हत्या को सड़क हादसा दिखाने की साजिश नाकाम - पांच गिरफ्तार!



### बहन के प्रेमी को भाईयों ने पीट-पीट कर मौत के घाट उतारा, मामला रामपायली क्षेत्रान्तर्गत गर्राबोड़ी का

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में 6 मई को हुई तरुण लिल्हारे की मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। यह मामला महज एक हादसा नहीं, बल्कि प्रेम प्रसंग के चलते रची गई हत्या की साजिश का निकला।

पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने हत्या के बाद इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की थी।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि मृतक तरुण लिल्हारे और सविता लिल्हारे के बीच पिछले पांच-छह वर्षों से प्रेम संबंध थे।

5 मई को सविता की शादी थी। उसने तरुण को इंस्टाग्राम वीडियो कॉल कर मिलने बुलाया और कहा कि यदि वह आएगा, तो वह यह शादी तोड़कर उससे विवाह कर लेगी। जैसे ही तरुण मिलने पहुंचा, वहां पहले से मौजूद सविता के भाइयों ने उसे दबोच लिया।

तरुण को पकड़ने के बाद सविता के भाई वेदप्रकाश और हरिप्रकाश उसे अपने दोस्तों और रिश्तेदारों—दिलीप लिल्हारे, कमलकिशोर लिल्हारे और योगेश वरकड़े के साथ पास की एक नहर के पास ले गए। वहां इन पांचों ने मिलकर तरुण के साथ लाठी-डंडों, लात-घूसों से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या के बाद अपनी साजिश को छिपाने के लिए आरोपियों ने तरुण के शव को उसकी अपनी ही बाइक पर लादा और गर्राबोड़ी क्षेत्र में ले जाकर इस तरह फेंक दिया जिससे लगे कि उसकी मौत सड़क दुर्घटना में हुई है। हालांकि, पुलिस को मौके की जांच में संदेह हुआ और जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों ने आरोपियों की पोल खोल दी।

रामपायली पुलिस ने मामले की बारीकी से जांच करते हुए सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि आरोपियों को रिमांड पर लिया गया है और उनसे आगे की पूछताछ की जा रही है।

पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि क्या इस साजिश में परिवार के कुछ अन्य लोग भी शामिल थे। यदि किसी और का नाम सामने आता है, तो उस पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## रजिस्ट्री के काम में सुस्ती दिखाने वाले 7 पटवारियों पर कार्यवाही

# लापरवाही बरतने वाले 24 से अधिक कर्मचारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीणा ने काम में लापरवाही बरतने वाले 24 से अधिक कर्मचारियों पर कार्रवाई की है। शनिवार को लांजी और किरनापुर में हुई बैठक के दौरान योजनाओं की धीमी प्रगति देखकर कलेक्टर ने इन कर्मचारियों को नोटिस जारी किए और सुधार न होने पर चेतावनी दी।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण (एएनसी) में पिछड़ने पर किरनापुर और लांजी क्षेत्र के कई एएनएम और सीएचओ से जवाब मांगा गया है। इन सभी को एक हफ्ते के भीतर काम में सुधार लाने के निर्देश दिए गए हैं। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

एएनएम सीमा पंचेश्वर, यमुना, सौभाग्यलता, सीएचओ दीपाली बोरकर, प्रियंका कोरे को नोटिस दिया गया है।

राजस्व विभाग में किसान रजिस्ट्री के काम में सुस्ती दिखाने वाले किरनापुर और लांजी के सात पटवारियों को भी नोटिस थमाया गया है। वहीं, ग्रामीण विकास की योजनाओं और नक्सल प्रभावित गांवों में रोजगार देने में लापरवाही बरतने पर घोटी, सर्रा और जुनेवानी समेत कई पंचायतों के ग्राम रोजगार सहायकों को नोटिस जारी कर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई है।

पशु चिकित्सा विभाग की योजनाओं और टीकाकरण में कम प्रगति पाए जाने पर चार अधिकारियों को नोटिस दिया गया। साथ ही, मखाना खेती को बढ़ावा देने में रुचि न लेने वाले उद्यान विस्तार अधिकारी की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मौजूद विधायक राजकुमार कर्राहे ने भी अधिकारियों को जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने और शिकायतों का मौका न देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक समय पर पहुंचना चाहिए और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता होनी चाहिए।

# चरेगांव में विधायक मधु भगत के निवास पर अजय सिंह 'राहुल भैया' ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष, चुरहट विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया' का 9 मई 2026 को बालाघाट जिले के चरेगांव आगमन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मधु भगत, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उइके, कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारी, ग्रामीणजन तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10:30 बजे चरेगांव स्थित विधायक मधु भगत के निज निवास (लामटा) में किया गया, जहां राहुल भैया ने कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की।

पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह के सुपुत्र एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय सिंह 'राहुल भैया' ने पार्टी संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद किया। इस अवसर पर जिलेभर के कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंचगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अजय सिंह 'राहुल भैया' ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का मूल आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं और संगठन की मजबूती ही भविष्य की सफलता तय करेगी। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि हम गांव-गांव जाकर जनता के बीच संवाद स्थापित करें और उनके मुद्दों को मजबूती से उठाएं। कांग्रेस की विचारधारा हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के हितों की रक्षा करने वाली रही है। आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना एकजुटता, अनुशासन और जनसेवा की भावना से ही किया जा सकता है।

वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव सुश्री हिना कावरे ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो हर परिस्थिति में जनता की आवाज बनकर खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीण वर्ग को अधिक से अधिक जोड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा सामाजिक न्याय, किसान हित, महिलाओं के सम्मान और युवाओं के भविष्य की लड़ाई लड़ती रही है। राहुल भैया का यह दौरा कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा, जिससे संगठन और अधिक सशक्त होकर जनता के बीच कार्य करेगा।

इस अवसर पर विधायक मधु भगत ने क्षेत्र में संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चरेगांव में राहुल भैया का आगमन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को नई दिशा एवं ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत कर जनता की समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा, ताकि कांग्रेस की नीतियों और विचारों को हर घर तक पहुंचाया जा सके।

वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक संजय उइके ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल भैया जैसे वरिष्ठ नेता का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं के लिए ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को समर्पण भाव से कार्य करना होगा। जनता आज महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और स्थानीय मुद्दों से परेशान है, ऐसे में कांग्रेस को जनआवाज बनकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर लोगों से संवाद स्थापित करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

# समरिया ग्राम में पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच की गई, एफटीके किट के माध्यम से हैंडपंप एवं नल-जल योजना के जल नमूनों का परीक्षण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनपद पंचायत बैहर अंतर्गत ग्राम समरिया में आज 09 मई 2026 को पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांच हेतु संयुक्त भ्रमण एवं परीक्षण कार्य किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत समरिया के सरपंच, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड बैहर के सहायक यंत्री एवं रसायनज्ञ द्वारा ग्राम में स्थापित हैंडपंपों तथा नल-जल योजना के स्रोत नलकूपों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त दल द्वारा एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) के माध्यम से विभिन्न जल स्रोतों के नमूनों का परीक्षण कर पानी की गुणवत्ता की जांच की गई। परीक्षण के दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के बारे में जानकारी भी दी गई तथा जल स्रोतों की नियमित निगरानी एवं स्वच्छता बनाए रखने की समझाइश दी गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बताया गया कि जल गुणवत्ता की नियमित जांच से ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम सुनिश्चित की जा सकती है।

## सुपखार क्षेत्र में चार और जंगली भैंसों को विशेष बाड़े में किया गया मुक्त

# कान्हा टाइगर रिजर्व में जंगली भैंसा पुनर्स्थापना कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफल







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**मध्यप्रदेश में विलुप्त हो चुकी जंगली भैंसा प्रजाति के पुनर्स्थापना अभियान के अंतर्गत कान्हा टाइगर रिजर्व में जंगली भैंसा पुनर्स्थापना कार्यक्रम का द्वितीय चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार परिक्षेत्र में आज 09 मई को चार जंगली भैंसों के दल को विशेष रूप से निर्मित बाड़े में सुरक्षित रूप से मुक्त किया गया।**

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्रीमती समिता राजोरा एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) श्री एल. कृष्णमूर्ति ने जंगली भैंसों को बाड़े में निर्मुक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व श्री रविंद्र मणि त्रिपाठी, उप संचालक (कोर) श्री प्रकाश वर्मा, उप संचालक बफर सुश्री अमिथा के.बी., समस्त सहायक संचालक, परिक्षेत्र अधिकारी एवं स्थानीय वन अमला उपस्थित रहा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश के वन क्षेत्रों से जंगली भैंसा लगभग 150 वर्ष पूर्व विलुप्त हो चुके थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा जंगली भैंसा पुनर्स्थापना की विशेष योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत कान्हा टाइगर रिजर्व के सुपखार क्षेत्र में, जहां पूर्व में जंगली भैंसों की उपस्थिति के प्रमाण मिले हैं, असम के काजीरंगा टाइगर रिजर्व से जंगली भैंसों को लाकर पुनर्स्थापित किया जा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण में 28 अप्रैल 2026 को चार जंगली भैंसों को सुपखार स्थित बाड़े में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव द्वारा मुक्त किया गया था। द्वितीय चरण में चार और जंगली भैंसों के सफल आगमन के साथ अब तक कुल 8 जंगली भैंसे पुनर्स्थापित किए जा चुके हैं, जिनमें 2 नर एवं 6 मादा शामिल हैं। वन विभाग ने आगामी तीन वर्षों में कुल 50 जंगली भैंसों को पुनः स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। काजीरंगा टाइगर रिजर्व से कान्हा टाइगर रिजर्व तक लगभग 2220 किलोमीटर की दूरी विशेष वन्यजीव परिवहन वाहनों से सड़क मार्ग द्वारा तय की गई। इस दौरान दो वन्यजीव चिकित्सकों की टीम द्वारा लगातार स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी की गई। साथ ही एक सहायक संचालक एवं एक परिक्षेत्र अधिकारी ने पूरे अभियान का नेतृत्व किया। लगभग 72 घंटे की सतत यात्रा के बाद जंगली भैंसों को सुरक्षित रूप से कान्हा पहुंचाया गया।यह पुनर्स्थापना कार्यक्रम मध्यप्रदेश में जैव विविधता संरक्षण एवं विलुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों के पुनर्वास की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# अतिथि शिक्षकों ने 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



**बालाघाट में अतिथि शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया और सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों का कहना है कि वे साल भर मेहनत से पढ़ाते हैं, लेकिन गर्मी की छुट्टियों (मई-जून) में उन्हें काम से निकाल दिया जाता है, जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है।**

शनिवार को अतिथि शिक्षकों ने बताया कि वे 1 जुलाई से 30 अप्रैल तक स्कूलों में अपनी सेवाएं देते हैं, लेकिन जैसे ही मई का महीना आता है, उन्हें सेवामुक्त कर दिया जाता है। इस वजह से उन्हें हर साल दो महीने बेरोजगार रहना पड़ता है। शिक्षकों ने डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि उनकी नौकरी पूरे साल के लिए पक्की की जाए और उन्हें समय पर वेतन दिया जाए। अतिथि शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज डोंगरे ने कहा कि पिछले 10-15 सालों से वे बहुत कम पैसों में बच्चों का भविष्य बना रहे हैं, फिर भी सरकार उनके बारे में नहीं सोच रही। उन्होंने याद दिलाया कि 2 सितंबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया था कि 'गुरुजी' की तरह विभागीय परीक्षा लेकर उन्हें नियमित किया जाएगा, लेकिन वह वादा आज तक अधूरा है।

### शिक्षकों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों में कुछ बड़े मुद्दे उठाए हैं-

नए शिक्षकों की भर्ती के बजाय पुराने अनुभवी शिक्षकों को ही काम पर रखा जाए। शिक्षकों के लिए 10 लाख रुपए का बीमा और आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाए। हर साल मानदेय में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की जाए। ऑनलाइन हाजिरी के चक्कर में रुका हुआ वेतन तुरंत दिया जाए और मई-जून का पैसा भी मिले। शिक्षकों ने साफ कहा कि अगर उनकी मांगों पर गौर नहीं किया गया, तो वे अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए आगे और बड़ा आंदोलन करेंगे।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com